पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

लखनऊ में मेट्रो रेल का भव्य उद्घाटन

राज्यपाल, केन्द्रीय गृह मंत्री, मुख्यमंत्री सहित अन्य विशिष्टजनों ने की शिरकत

लखनऊः 05 सितम्बर 2017

लखनऊ मेट्रो रेल का आज ट्रांसपोर्ट नगर से चारबाग स्टेशन तक के लिए बटन दबाकर भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक, केन्द्रीय गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी, उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य एवं डाॅ0 दिनेश शर्मा, मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही, मंत्री श्री आशुतोष टण्डन, मंत्री श्री बृजेश पाठक, मंत्री डाॅ0 रीता बहुगुणा जोशी, मंत्री श्री नंदलाल नंदी, राज्यमंत्री श्रीमती स्वाति सिंह, राज्यमंत्री श्री सुरेश पासी, मेट्रो के प्रधान सलाहकार ई0 श्रीधरन, प्रमुख सचिव आवास श्री मुकुल सिंघल, मेट्रो के प्रबंध निदेशक श्री कुमार केशव सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। उद्घाटन के बाद राज्यपाल सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने मेट्रो से चारबाग तक का सफर भी तय किया।

उद्घाटन समारोह में राज्यपाल ने कहा कि लखनऊ मेट्रो रेल का उद्घाटन अनंत चतुर्दशी एवं शिक्षक दिवस के अवसर पर किया गया है जो वास्तव में सुखद और ऐतिहासिक है। मेट्रो रेल सेवा के उद्घाटन की विशेषता है कि यह सरकारी परिकल्प समय से पहले तैयार हो गया है। उत्तर प्रदेश के लोगों को अवसर मिलता है तो पूरी लगन और निष्ठा से कार्य पूरा करते हैं। देश के लिए यह एक उदाहरण है। उन्होंने विश्वास जताया कि लखनऊ में चल रहा मेट्रो का कार्य अपनी समयावधि में पूर्ण हो जाएगा।

श्री नाईक ने मेट्रो के प्रधान सलाहकार की सराहना करते हुए कहा कि वे मेट्रो मैन नहीं मेट्रो गुरू है। ई0 श्रीधरन ने कोंकण, दिल्ली एवं केरल में भी कार्य किया है। मुंबई में लगभग 76 लाख लोग प्रतिदिन लोकल एवं मेट्रो से सफर करते हैं। राज्यपाल ने प्रबंध निदेशक श्री कुमार केशव एवं निदेशक वर्क्स श्री दलजीत सिंह सहित मेट्रो टीम की भी सराहना की। उन्होंने मेट्रो परिकल्प के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग की प्रशंसा करते हुए अभिनन्दन किया।

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज का दिन उत्तर प्रदेश के लिए ऐतिहासिक दिन है। नवाबों के शहर के साथ लखनऊ अब मेट्रो के शहर के तौर पर भी जाना जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने दिल्ली में मेट्रो परियोजना का शुभारम्भ किया था और आज उनके संसदीय क्षेत्र लखनऊ में इस परियोजना का शुभारम्भ हो रहा है इसलिए 'मैं लखनऊ मेट्रो को अटल जी को समर्पित करता हूँ।'

श्री सिंह ने कहा कि लखनऊ के लिए शीघ्र ही 104 किमी0 लम्बी रिंग रोड का काम शुरू होगा जिसे निर्धारित समय में पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। लखनऊवासियों को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए 7 नए फ्लाई ओवर का निर्माण किया जाएगा। रूपये 81 करोड़ की लागत से चारबाग रेलवे स्टेशन में कैण्ट की ओर से नए प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था की जाएगी और चार नए रेलवे ट्रैक तथा दो नये प्लेटफार्म का निर्माण यात्री सुविधा के दृष्टिगत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रूपये 513 करोड़ से गोमती नगर रेलवे स्टेशन का टर्मिनल स्टेशन के रूप में विस्तार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल एवं केन्द्रीय गृह मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि लखनऊ मेट्रो का कल से व्यावसायिक संचालन शुरू हो जाएगा जिससे लखनऊवासियों को सहुलियत मिलेगी। जाम से मुक्ति के साथ पर्यावरण हितैषी, सस्ता और सुलभ परिवहन विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब उत्तर प्रदेश मेट्रो कारपोरेशन का गठन होगा जिसमें प्रधान सलाहकार के रूप में ई0 श्रीधरन अपना सहयोग देंगे। उन्होंने कहा कि ई0 श्रीधरन नौकरशाही के लिए एक आदर्श हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी उत्तर प्रदेश का विकास चाहते हैं। उत्तर प्रदेश में लखनऊ के अलावा कानपुर, आगरा, इलाहाबाद, गोरखपुर, वाराणसी, झांसी आदि शहरों में परिवहन के साधन के रूप में मेट्रो का विकास किया जाएगा। विकास के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को बेहतर बनाना आवश्यक है। समय पर परियोजना का काम पूरा न होना राष्ट्रीय क्षति है। गुणवत्ता बनाए रखने के साथ-साथ यह प्रयास होना चाहिए कि परियोजनाएं समय से पहले और निर्धारित खर्च के अंदर पूरी हों। उन्होंने कहा कि यही राष्ट्र के प्रति सच्ची सेवा है।

कार्यक्रम में केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी, ई0 श्रीधरन, श्री कुमार केशव सहित प्रमुख सचिव आवास श्री मुकेश मित्तल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में लखनऊ मेट्रो रेल पर आधारित काफी टेबल बुक का लोकार्पण भी किया गया।

अंजुम/ललित/राजभवन (335/7)

ट्रान्सपोर्ट नगर से चारबाग तक निर्मित प्राथमिक सेक्शन पर
लखनऊ मेट्रो रेल सेवा का
उद्घाटन
श्री राजनाथ सिंह
मा. गृहमंत्री, भारत सरकार
श्री राम नाईक
मा. राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
योगी आदित्यनाथ
मा. मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
श्री हरदीप सिंह पुरी
के कर कमलों द्वारा सम्पन्न होगा।
गरिमामयी उपस्थिति
श्री केशव प्रसाद मौर्य
डॉ. दिनेश शर्मा

ट्रान्सपोर्ट नगर से चारबाग तक निर्मित प्राथमिक सेक्शन पर
लखनऊ मेट्रो रेल सेवा का
उद्घाटन
श्री राजनाथ सिंह
मा. गृहमंत्री, भारत सरकार
श्री राम नाईक
मा. राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
योगी आदित्यनाथ
मा. मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
श्री हरदीप सिंह पुरी
के कर कमलों द्वारा सम्पन्न होगा।
गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. दिनेश शर्मा

ट्रान्सपोर्ट नगर से चारबाग तक निर्मित प्राथमिक सेक्शन पर
लखनऊ मेट्रो रेल सेवा का
उद्घाटन
श्री राजनाथ सिंह
मा. गृहमंत्री, भारत सरकार
श्री राम नाईक
मा. राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
योगी आदित्यनाथ
मा. मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
श्री हरदीप सिंह पुरी
के कर कमलों द्वारा सम्पन्न होगा।